# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026



Yesterday, Quiz:

# Q. अलवर के सरिस्का टाइगर रिजर्व में बाघ पुनर्स्थापन पर राष्ट्रीय कार्यशाला कब आयोजित की गई ?

**(A) 28 जून**
(B) 26 जून
(C) 29 जून
(D) इनमें से कोई नही

हाल ही में 28 जून, 2026 को अलवर जिले के सरिस्का टाइगर रिजर्व में बाघ पुनर्स्थापना के 18 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 'बाघ पुनर्स्थापना: अवसर एवं चुनौतियां' विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया

- अलवर के सरिस्का टाइगर रिजर्व में बाघ पुनर्स्थापन पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव सहित देशभर के वन्यजीव विशेषज्ञ और वैज्ञानिक शामिल हुए.
- राजस्थान के सरिस्का में बाघों की संख्या 56 तक पहुंच चुकी है और जल्द 60 होने की उम्मीद है.

**Yesterday Revision**

01प्रश्न 01. जून 2026 में आयोजित 20वें राज्य स्तरीय सांख्यिकी समारोह की थीम (विषय) क्या रखी गई थी: 'अनलॉकिंग द पोटेंशियल ऑफ एडमिनेस्ट्रेटिव डेटा' (Unlocking the Potential of Administrative Data)।

प्रश्न 02. इंटरनेशनल ट्रैवल मैगजीन 'कोंडे नास्ट ट्रैवलर' ने भारत में मानसून के दौरान घूमने के लिए राजस्थान के किस शहर को अपनी लिस्ट में शामिल किया है?: उदयपुर शहर को।

प्रश्न 03. केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री द्वारा मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए किस नए रोडमैप की शुरुआत की गई है?: 'सुमन रोडमैप 2030' (SUMAN Roadmap 2030)।

प्रश्न 04. नेपाल में आयोजित पहली दक्षिण एशियाई सीनियर एवं मिक्स रॉकबॉल चैंपियनशिप-2026 में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय महिला टीम में राजस्थान की कौन सी खिलाड़ी शामिल थीं?: बबीता गोयल।

प्रश्न 05. हाल ही में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 'वीबी जी राम जी योजना' (VB-G RAM G) का राज्य स्तरीय शुभारंभ किस जिले से किया है?

उत्तर: ब्यावर जिले के मसूदा से।

1. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 4 जुलाई को राजस्थान के जोधपुर हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया

(B) जोधपुर एयरपोर्ट का नया टर्मिनल लगभग 480 करोड़ रुपये की लागत से 37 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया गया है

सही विकल्प चुनिए:

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं



**Important Facts:**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 4 जुलाई को राजस्थान के जोधपुर हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया
- जोधपुर एयरपोर्ट का नया टर्मिनल लगभग 480 करोड़ रुपये की लागत से 37 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया गया है। यह पुराने टर्मिनल की तुलना में लगभग सात गुना बड़ा है और इसकी यात्री क्षमता करीब 20 लाख यात्रियों प्रति वर्ष तक पहुंचने की क्षमता रखती है।
- इसमें 6 एयरोब्रिज, 20 आधुनिक चेक-इन काउंटर, 3 कन्वेयर बेल्ट, 2 वीआईपी लाउंज और एक एग्जीक्यूटिव लाउंज जैसी विश्वस्तरीय सुविधाएं शामिल हैं।
- इस टर्मिनल को पर्यावरण अनुकूल डिजाइन के साथ तैयार किया गया है और इसे 5-स्टार ग्रीन रेटिंग देने का लक्ष्य रखा गया है। इसके निर्माण में राजस्थान की सांस्कृतिक झलक भी दिखाई देती है,

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) राजस्थान के आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय के एसडीजी इंडेक्स-2025 में 100 अंकों में 67.13 अंक हासिल कर झुंझुनूं दूसरे वर्ष भी पहले स्थान पर है

(2) राज्य का औसत एसडीजी स्कोर 59.11 से बढ़कर 60.80 हो गया है।

**सही विकल्प चुनें**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान के आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय के एसडीजी इंडेक्स-2025 जारी किए गए हैं
- रिपोर्ट के अनुसार, राज्य का औसत एसडीजी स्कोर 59.11 से बढ़कर 60.80 हो गया है। 100 अंकों में 67.13 अंक हासिल कर झुंझुनूं दूसरे वर्ष भी पहले स्थान पर बना हुआ है, जबकि चित्तौड़गढ़ 65.41 और राजसमंद 65.00 अंकों के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर
- सबसे कम गरीबी: जयपुर (6.15%), झुंझुनूं (6.64%) व सीकर (7.56%)
- सर्वाधिक गरीबी: डूंगरपुर (40.27%), बांसवाड़ा (37.00%) व उदयपुर (33.83%)
- स्वास्थ्य एवं खुशहाली: प्रथम स्थान पर बारां (63.54 अंक), अंतिम स्थान पर जयपुर (37.60 अंक)
- लैंगिक समानता: शीर्ष पर झुंझुनूं (52.88 स्कोर)
- महिला अपराध दर (न्यूनतम): पाली (18.08 प्रति लाख)

**03. PM मोदी द्वारा 4 जुलाई को कितने करोड़ रुपए लागत की जयपुर मेट्रो फेज़ – 2 परियोजना की आधारशिला रखी गई ?**

(A) 23,038 करोड़ रुपये

(B) 13,037 करोड़ रुपये

(C) 8965 करोड़ रुपये

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 4 जुलाई को लगभग 13,037 करोड़ रुपये की लागत वाली जयपुर मेट्रो फेज-2 परियोजना की आधारशिला रखी गई।
- प्रहलादपुरा से टोडी मोड़ तक 41KM लंबा है इसमें 36 स्टेशनों का निर्माण होगा।
- इसे 'ऑरेंज लाइन' (Orange Line) नाम दिया गया है, जो दक्षिण में प्रहलादपुरा से उत्तर में टोडी मोड़ (सीकर रोड) तक चलेगी।
- इस परियोजना का क्रियान्वयन राजस्थान मेट्रो रेल कॉर्पा◌ेरेशन लिमिटेड द्वारा किया जाएगा, जो भारत सरकार और राजस्थान सरकार की 50◌:50 साझेदारी वाली संयुक्त कंपनी है।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) बीकानेर जिले के पूगल में देश के सबसे बड़े 2450 मेगावाट सोलर प्लांट में अब 1600 मेगावाट / 6,400 मेगावाट-घंटा की भारी-भरकम बैटरी स्टोरेज प्रणाली लगेगी।

(2) सोलर पार्क में 10 प्लांट लगेंगे। इनमें से 8 प्लांट 250-250 मेगावाट के और दो प्लांट 125-125 मेगावाट के होंगे।

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- बीकानेर जिले के पूगल में देश के सबसे बड़े 2450 मेगावाट सोलर प्लांट में अब 1600 मेगावाट / 6,400 मेगावाट-घंटा की भारी-भरकम बैटरी स्टोरेज प्रणाली लगेगी। इसके लिए अलग से प्लेट्स नहीं लगानी पड़ेंगी। राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग (आरईआरसी) ने नियमों में बदलाव को मंजूरी दे दी है।
- पूगल में 2450 मेगावाट सोलर प्लांट और 1600 मेगावाट बैटरी लगाने का काम वर्ष, 28 तक पूरा होगा
- कंपनियां अपनी सप्लाई की गारंटी को पूरा करने के लिए खुले बाजार (ग्रीन मार्केट) से अधिकतम 5% तक बिजली खरीद सकेंगी। इस बिजली का इस्तेमाल सीधे सप्लाई करने या अपनी बैटरियों को चार्ज करने के लिए किया जा सकेगा
- देश के सबसे बड़े सोलर पार्क में 10 प्लांट लगेंगे। इनमें से 8 प्लांट 250-250 मेगावाट के और दो प्लांट 125-125 मेगावाट के होंगे। इसी तरह इन 10 प्लांट में अलग-अलग बैटरियां लगेंगी जो कुल 1600 मेगावाट की होंगी। दिन में यह बैटरियां सौर ऊर्जा से बिजली स्टोर करेंगी और शाम के बाद उस बिजली का इस्तेमाल किया जा सकेगा। पूरी 1600 मेगावाट बिजली इस्तेमाल करने पर चार से 5 घंटे बिजली मिलेगी।

**05. हाल ही में राजस्थान के पहले एंटरप्राइज़-ग्रेड और अत्याधुनिक एआई-रेडी डेटा सेंटर का उद्घाटन कहां किया गया है?**

**(A) जयपुर**

**(B) जोधपुर**

**(C) उदयपुर**

**(D) इनमें से कोई नही**

**Important Facts:**

- एसटी टेलीमीडिया ग्लोबल डेटा सेंटर्स (STT GDC इंडिया) ने जून 2026 में STT Jaipur 1 के रूप में राजस्थान के पहले एंटरप्राइज़-ग्रेड और अत्याधुनिक एआई-रेडी डेटा सेंटर का उद्घाटन किया
- यह सेंटर RIICO Industrial Area, Sitapura (Tonk Road, Jaipur) में स्थित है।
- यह सुविधा 6 मेगावाट (MW) तक के महत्वपूर्ण आईटी लोड का समर्थन कर सकती है और 95,300 वर्ग फुट से अधिक क्षेत्र में फैली हुई है
- एआई-क्षमता (AI-Ready): यह उच्च-घनत्व (High-Density) वाले वर्कलोड और क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर को संभालने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसमें उन्नत DX-आधारित CRAH कूलिंग सिस्टम शामिल हैं

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-135

1. **वर्तमान** में भारत में कुल कितने टाइगर रिजर्व हैं?
   (A) 54 टाइगर रिजर्व
   (B) 56 टाइगर रिजर्व
   (C) 58 टाइगर रिजर्व
   (D) 60 टाइगर रिजर्व

2. **अर्बन** चैलेंज फंड के तहत परियोजनाओं के वित्तीय पोषण का निर्धारित अनुपात निम्नलिखित में से क्या है?
   (A) 60% केंद्र : 40% राज्य
   (B) 90% केंद्र : 10% राज्य
   (C) 50% केंद्र : 25% राज्य : 25% स्थानीय निकाय
   (D) 25% केंद्र : 25% राज्य व निकाय : 50% वित्तीय संस्थान

3. **यमुना** जल परियोजना के तहत हरियाणा के किस बैराज से भूमिगत पाइपलाइन के माध्यम से यमुना का जल राजस्थान लाया जाएगा?
   (A) ताजेवाला हैड
   (B) हथिनीकुंड बैराज
   (C) ओखला बैराज
   (D) डाकपत्थर बैराज

4. **जयपुर** में हाल ही में किस वैश्विक कंपनी द्वारा एक अत्याधुनिक 'एआई रेडी डेटा सेंटर' स्थापित किया गया है?
   (A) माइक्रोसॉफ्ट
   (B) एसटीटी जीडीसी
   (C) गूगल क्लाउड
   (D) अमेजन वेब सर्विसेज

5. **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला - एक उत्पाद' के तहत धौलपुर जिले का उत्पाद कौन सा है?
   (A) सेण्ड स्टोन के उत्पाद
   (B) मार्बल एवं ग्रेनाईट के उत्पाद
   (C) स्टोन आधारित उत्पाद
   (D) कृषि आधारित उत्पाद


GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान सहित 13 राज्यों में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए 'किस रोडमैप 2030' का शुभारंभ किया गया है?**

(A) ममता रोडमैप 2030

(B) सवेरा रोडमैप 2030

(C) सुमन रोडमैप 2030

(D) इनमें से कोई नही

Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW | PRESS BELL ICON | Like | Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

GK Search Engine

FOLLOW ON FACEBOOK

GK Search Engine

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine